ओ मेरे खाटू वाले | By Ravi Rajan

एक नज़र जिस पर भी डाले हो जाए वारे न्यारे
ओ मेरे खाटू वाले नैन तेरे मतवाले

जब सुदामा तुमसे मिलने आया
एक नज़र में भाग्य जगाया
रंक राजा कर डाले
ओ मेरे खाटू वाले नैन तेरे मतवाले

मीरा ने ऐसी नज़र मिलाई
सब जग छोड़ा तुझमे समाई
पी गई विष के प्याले
मेरे खाटू वाले नैन तेरे मतवाले

नरसी नानी कर्मा तारी
ऐसी दयालु नज़र तुम्हारी
देखे दुनिया वाले
मेरे खाटू वाले नैन तेरे मतवाले

मैं भी तेरी दया का प्यासा
कर दो पूरी अब अभिलाषा
श्रवण भी तुझे पुकारे
मेरे खाटू वाले नैन तेरे मतवाले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%93-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-ravi-rajan/